# B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

**ANNUAL EXAMINATION (2025-26)**
**HINDI (085)**
**SET – 1**

| | |
|---|---|
| Class: IX | Duration : 3.00 Hrs |
| Date : 18.02.2026 | Max. Marks: 80 |
| Admission No.: | Roll No.: |

---

सामान्य निर्देश 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 19 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमाङ्क प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

प्रश्नपत्रस्वरूप- भाग 'क' : अपठित गद्यांश — 14 अङ्क
भाग 'ख' : व्याकरण — 16 अङ्क
भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक — 30 अङ्क
भाग 'घ' : लेखन- कौशल — 20 अङ्क

---

## खंड क (अपठित बोध ) ( 14 अंक)

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-

मनुष्य को अपने कर्म पर अधिकार है | वह कर्म के अनुसार फल प्राप्त करता है |अच्छा कर्म करने से फल भी अच्छा मिलता है | बुरे कर्म का परिणाम बुरा होता है। कर्म करना बीज बोने के समान है। जैसा बीज होता है वैसा ही पेड़ और वैसे ही फल होते हैं। एक कहावत है- 'बोया पेड़ बबूल का तो आम कहाँ से होय?' इसलिए बड़े-से-बड़े अपराधी अंततः बुरी मौत मरते हैं। जो बेईमानी से धन कमाते हैं, उनके बच्चे बेईमान और दुश्चरित्र बनते जाते हैं। उनकी बुराई का परिणाम उन्हें मिल ही जाता है। हमारा व्यक्तित्व हमारे कर्मों का ही प्रतिबिंब है। अगर हम आजीवन कुछ पाने के लिए भागदौड़ करते हैं तो इससे हमारा जीवन ही अशांत होता है। एक छात्र परिश्रम की राह पर चलता है तो उसे सफलता तथा संतुष्टि का फल प्राप्त होता है। दूसरा छात्र नकल और प्रवंचना का जीवन जीता है। उत्ते जीवन भर चोरों, ठगों और धोखेबाजों के बीच रहना पड़ता है। दुष्ट लोगों के बीच जीना भी तो एक दंड है, अशांति है। अतः मनुष्य को पुण्य कर्म करने चाहिए। इसी से मन में सच्चा सुख जागता है, सच्ची शांति मिलती है।

(i) मनुष्य का किस पर अधिकार है? [1]

(a) कर्म पर (b) फल पर
(c) परिणाम पर (d) इनमें से किसी पर नहीं

(ii) कर्म को किसके समान माना गया है? [1]

(a) फल के समान (b) फूल के समान
(c) पेड़ के समान (d) बीज बोने के समान

(iii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए: [1]

कथन (A): बुरे कर्म का परिणाम बुरा होता है।

कारण (R): बोया पेड़ बबूल का तो आम कहाँ से होय?

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

(b) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

(c) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सहीं है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(iv) गद्यांश के अनुसार मनुष्य के जीवन में अशांति का मुख्य कारण क्या है? [2]

(v) लेखक ने अच्छे कर्म करने की प्रेरणा क्यों दी है? [2]

प्रश्न.2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-

हँसी भीतरी आनंद का बाहरी चिह्न है। जीवन की सबसे प्यारी और उत्तम-से-उत्तम वस्तु एक बार हँस लेना, तथा शरीर को अच्छा रखने की अच्छी-से-अच्छी दवा एक बार खिलखिला उठना है। पुराने लोग कह गए हैं कि हँसो और पेट फुलाओ। हँसी कितने ही कला-कौशलों से भली है। जितना ही अधिक आनंद से हँसोगे, उतनी ही आयु बढ़ेगी। एक यूनानी विद्वान कहता है कि सदा अपने कर्मों पर खीझने वाला हेरीक्लेस बहुत कम जिया, पर प्रसन्न मन डेमाक्रीट्स 109 वर्ष तक जिया। हँसी-खुशी का नाम जीवन है। जो रोते हैं, उनका जीवन व्यर्थ है। कवि कहता है-जिंदगी जिंदादिली का नाम है. मुर्दा दिल क्या खाक जिया करते हैं। मनुष्य के शरीर के वर्णन पर एक विलायती विद्वान ने पुस्तक लिखी है। उसमें वह कहता है कि उत्तम सुअवसर की हँसी उदास-से-उदास मनुष्य के चित्त को प्रफुल्लित कर देती है। आनंद एक ऐसा प्रबल इंजन है कि उससे शोक और दुख की दीवारों को बहा सकते हैं। प्राण-रक्षा के लिए सदा सब देशों में उत्तम-से-उत्तम उपाय मनुष्य के चित्त को प्रसन्न रखना है। सुयोग्य वैद्य अपने रोगी के कानों में आनंदरूपी मंत्र सुनाता है। एक अंग्रेज डॉक्टर कहता है कि किसी नगर में दवाई लदे हुए बीस गधे ले जाने से एक हंसोड़ आदमी को ले जाना अधिक लाभकारी है।

(i) हँसी क्या है? [1]

(a) एक पागलपन है | (b) दुख की अभिव्यक्ति है
(c) भीतरी आनंद का बाहरी चिह्न है | (d) दूसरों का उपहास है

(ii) शरीर को स्वस्थ रखने की सबसे अच्छी दया क्या है? [1]

(a) व्यायाम | (b) अच्छा भोजन
(c) खिलखिला कर हँसना | (d) ताजी हवा का सेवन

(iii) पुराने समय में लोगों ने हँसी को महत्व क्यों दिया? [1]

(a) हँसी से धन-दौलत प्राप्त होती है. | (b) हँसी से यश-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होती है
(c) हँसी से आयु बढ़ती है | (d) हँसी से सभी कार्य सिद्ध हो जाते हैं

(iv) हँसी को एक शक्तिशाली इंजन के समान क्यों कहा गया है? [2]

(v) एक सौ नौ वर्ष तक कौन जीवित रहा और कैसे? [2]

## खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण) (16 अंक)

प्रश्न.3 शब्द और पद पर पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (कोई दो) [2]

(i) शब्द किसे कहते है?

(ii) पद किसे कहते हैं? उदहारण सहित समझाइए |

(iii) कृष्ण ने <u>बाँसुरी</u> बजाई | - वाक्य में रेखांकित को शब्द कहेंगे या पद?

प्रश्न.4 अनुस्वार पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (कोई एक ) [1]

(i) सन्धि में उचित स्थान पर अनुस्वार चिह्न लगाकर मानक रूप लिखिए |

(ii) सतुंलन में उचित स्थान पर अनुस्वार चिह्न लगाइए |

प्रश्न.5 अनुनासिक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (कोई एक ) [1]

(i) अगुली में उचित स्थान पर अनुनासिक चिह्न का प्रयोग कीजिए |

(ii) पूजीपति में उचित स्थान पर अनुनासिक चिह्न का प्रयोग कीजिए |

प्रश्न.6 उपसर्ग पर आधारित प्रश्नो के उत्तर दीजिए :- :- (कोई दो ) [2]

(i) 'दुर्भाग्य' शब्द का उपसर्ग और मूल शब्द बताइये |

(ii) 'अनावश्यक' शब्द का उपसर्ग और मूल शब्द बताइये|

(iii) 'सम्मान' शब्द में मूल शब्द और उपसर्ग बताइए |

प्रश्न.7 प्रत्यय पर आधारित प्रश्नो के उत्तर दीजिए :- (कोई कोई दो) [2]

(i) 'कीमती' शब्द का मूल शब्द और प्रत्यय अलग -अलग लिखिए |

(ii) 'चमकीला' शब्द का मूल शब्द और प्रत्यय अलग -अलग लिखिए |

(iii) 'घुमक्कड़' शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय अलग कीजिए |

प्रश्न.8 'अर्थ के आधार पर वाक्य भेद ' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (कोई दो ) [2]

(i) अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने भेद हैं?

(ii) माधव, बाज़ार जाओ | (अर्थ के आधार यह कौन सा वाक्य है?)

(iii) शायद शाम को वर्षा हो | (अर्थ के आधार यह कौन सा वाक्य है?

प्रश्न.9 संधि पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (कोई तीन) [3]

(i) 'सर्वोत्तम' का संधि विच्छेद कीजिए |

(ii) 'धर्मार्थ' स्वर संधि का कौन -सा भेद है?

(iii) 'स्वागत' का संधि विच्छेद कीजिए |

प्रश्न.10 विराम चिह्नों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (कोई तीन ) [3]

(i) अरे ! तुम प्राचार्य से मिल आए | (वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न का नाम लिखिए )

(ii) मैं तुम्हें जानता तक नहीं ; दो सौ रूपए कैसे दे दूँ | (वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न का नाम लिखिए)

(iii) अल्प विराम का प्रयोग कब किया जाता है?

(iv) माँ ने कहा पेड़ पौधे भी सोते हैं (सही विराम चिह्न का प्रयोग कीजिए)

## खंड ग (पाठ्यपुस्तक ) (30 अंक)

प्रश्न.11 निम्न पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए :-( 1 x 5=5)

उभरी नसोंवाले हाथ, घिसे नाखूनोवाले हाथ
पीपल के पत्ते -से नए -नए हाथ
जूही की डाल-से खुशबूदार हाथ
गंदे कटे -पिटे हाथ, जख्म से फटे हुए हाथ
खुशबू रचते हैं हाथ, खुशबू रचते हैं हाथ!

(i) कवि ने "उभरी नसोंवाले हाथ" कहकर किस वर्ग की ओर संकेत किया है?

(a) अमीर वर्ग (b) मेहनतकश वर्ग
(c) विद्यार्थी वर्ग (d) कलाकार वर्ग

(ii) "पीपल के पत्ते-से नए-नए हाथ" से क्या तात्पर्य है?

(a) बूढ़े हाथ (b) कोमल और युवा हाथ
(c) बीमार हाथ (d) शक्तिशाली हाथ

(iii) "जूही की डाल-से खुशबूदार हाथ" पंक्ति किस गुण को दर्शाती है?

(a) हाथों की मजबूती (b) हाथों की सुंदरता और कोमलता
(c) हाथों की कमजोरी (d) हाथों की गंदगी

(iv) कविता में बार-बार "खुशबू रचते हैं हाथ" कहने का उद्देश्य क्या है?

(a) हाथों की सजावट दिखाना (b) हाथों के काम के महत्व को बताना
(c) हाथों की संख्या गिनाना (d) हाथों की तुलना करना

(v) कथन (A) और कारण (B) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। फिर नीचे दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-

कथन (A): कवि ने गंदे, कटे-पिटे और जख्मों से भरे हाथों का चित्रण किया है।
कारण (R): क्योंकि यही हाथ मेहनत करके समाज को सुंदर और खुशहाल बनाते हैं।

(a) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।
(b) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(c) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।
(d) कथन(A)और कारण(R)दोनों सही हैं तथा कारण(R)कथन(A)की सही व्याख्या है।

प्रश्न.12 निम्न गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए :-(2x3 =6)

(i) कवि रैदास ने किन-किन संतों का उल्लेख अपने काव्य में किया है और क्यों?
(ii) 'अग्नि पथ' कविता को आप अपने जीवन के लिए कितनी उपयोगी मानते हैं?
(iii) 'तुम घन बन हम मोरा'-ऐसी कवि ने क्यों कहा है?
(iv) 'गीत-अगीत' कविता में नदी को किस रूप में चित्रित किया गया है? इसका ज्ञान कैसे होता है?

प्रश्न.13 गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए:- (1 x5=5 )

आकाश के तारों में शुक्र की कोई जोड़ नहीं। शुक्र चंद्र का साथी माना गया है। उसकी आभा-प्रभा का वर्णन करने में संसार के कवि थके नहीं। फिर भी नक्षत्र मंडल में कलगी-रूप इस तेजस्वी तारे को दुनिया या तो ऐन शाम के समय, बड़े सवेरे घंटे-दो घंटे से अधिक देख नहीं पाती। इसी तरह भाई

महादेव जो आधुनिक भारत की स्वतंत्रता के उषाकाल में अपनी वैसी ही आभा से हमारे आकाश को जगमगाकर, देश और दुनिया को मुग्ध करके, शुक्रतारे की तरह ही अचानक अस्त हो गए। सेवाधर्म का पालन करने के लिए इस धरती पर जनमे स्वर्गीय महादेव देसाई गाँधीजी के मंत्री थे। मित्रों के बीच विनोद में अपने को गाँधीजी का 'हम्माल' कहने में और कभी-कभी अपना परिचय उनके 'पीर-बावर्ची-भिश्ती-खर' के रूप में देने में वे गौरव का अनुभव किया करते थे।

(i) पाठ में 'शुक्र' तारे का उल्लेख किसलिए किया गया है?
- (a) उसकी दूरी बताने के लिए
- (b) उसकी तेजस्विता और अल्पकालिक दृश्यता बताने के लिए
- (c) उसे पृथ्वी का उपग्रह बताने के लिए
- (d) उसकी स्थायी उपस्थिति दिखाने के लिए

(ii) भाई महादेव की तुलना किससे की गई है?
- (a) चंद्रमा
- (b) सूरज
- (c) शुक्र तारे से
- (d) आकाशगंगा से

(iii) भाई महादेव को मित्रों के बीच कभी-कभी किस रूप में पहचाने जाने का गौरव महसूस होता था?
- (a) गाँधीजी का 'हम्माल'
- (b) गाँधीजी का 'सैनिक'
- (c) गाँधीजी का 'सखा'
- (d) गाँधीजी का 'मार्गदर्शक'

(iv) भाई महादेव का जीवन किस प्रकार के कार्यों में समर्पित था?
- (a) व्यापार और उद्योग में
- (b) सेवाधर्म और राष्ट्र सेवा में
- (c) साहित्य और कला में
- (d) राजनीति में

(v) निम्नलिखित कथन (A) और कारण (B) को ध्यानपूर्वक पढ़िए, फिर नीचे दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-

कथन (Assertion): भाई महादेव का जीवन राष्ट्र और देश की सेवा में अल्पकालिक, पर प्रभावशाली था।

कारण (Reason): पाठ में उनकी तुलना शुक्र तारे से की गई है, जो अपनी तेजस्विता के बावजूद थोड़े समय के लिए ही दिखाई देता है।

- (a) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।
- (b) कथन और कारण दोनों सही हैं, पर कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता।
- (c) कथन सही है, कारण गलत है।
- (d) कथन गलत है, कारण सही है।

प्रश्न.14 निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए :- [2x3 =6]

(i) भगवाना का मुँह अँधेरे खरबूजे तोड़ना किस तरह जानलेवा साबित हुआ?

(ii) रामन् के प्रारंभिक शोधकार्यों को आधुनिक हठयोग क्यों कहा गया है?

(iii) एवरेस्ट :मेरी शिखर यात्रा पाठ की लेखिका पर मृत्यु का संकट कैसे आया ? उसकी रक्षा किसने की?

(iv) अतिथि को जाने के लिए लेखक ने किस -किस तरह के संकेत दिए?

प्रश्न.15 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50 से 60 शब्दों में लिखिए :- [4x2 =8]

(i) लेखक को अपनी लाइब्रेरी स्थापित करने की प्रेरणा कैसे मिली?

(ii) 'मनुष्य का अनुमान और भावी योजनाएँ कभी-कभी कितनी मिथ्या और उलटी निकलती हैं'- का आशय स्पष्ट कीजिए।

(iii) कल्लू कुम्हार का नाम उनाकोटी से किस प्रकार जुड़ गया?

## खंड घ लेखन खंड (20 अंक)

प्रश्न.16 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए | [5]

(i) विपत्ति कसौटी जे कसे ते ही साँचे मीत

संकेत बिंदु- मित्र की आवश्यकता क्यों, सच्चे मित्र के गुण, मित्र चयन में सावधानियाँ , सच्चे मित्र कौन?

(ii) इंटरनेट का उपयोग

संकेत बिंदु-. इंटरनेट क्या है, इंटरनेट के लाभ, उपयोग में सावधानियाँ

(iii) समय का सदुपयोग

संकेत बिंदु- समय का पहिया घूमता रहता है , जीवन में समय का महत्त्व, सदुयपोग कैसे करें

प्रश्न.17 निम्नलिखित विषयों में किसी एक विषय पर पत्र लिखिए :- [5]

(i) आपकी चचेरी बहन गाँव में रहती है | उसकी कक्षा 12 के बाद की पढ़ाई रोक दी गई है | अपने चाचा जी को नारी शिक्षा का महत्व बताते हुए पत्र लिखिए |

(ii) आपके मित्र को साहसिक काम के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार मिला है | पत्र द्वारा आप उसे अपनी बधाई भेजिए |

प्रश्न.18 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 100 शब्दों संवाद लिखिए :- [5]

(i) आपने अपना गृहकार्य नहीं किया है | इसका कारण बताते हुए शिक्षक के साथ होने वाली बातचीत को लगभग 100 शब्दों में संवाद के रूप लिखिए |

(ii) फ़ास्ट फूड के खाने के बारे में माँ और बेटे के होने वाली बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए |

प्रश्न.19 नीचे दिए गए चित्र को देखकर 100 शब्दों में अपने विचार लिखिए | [5]




========================= समाप्त =========================